भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

डॉ. शरद कुमार ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) में सदस्य (प्रचालन) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

नई दिल्ली,01 मई 2023 : डॉ. शरद कुमार ने 01 मई ,2023 से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा वि प्रा) बोर्ड में सदस्य (प्रचालन) का पदभार ग्रहण कर लिया है। इस नियुक्ति से पूर्व , डॉ. कुमार चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विमानपत्तन निदेशक के रूप में कार्यरत थे।

भाविप्रा के सदस्य (प्रचालन) के रूप में डॉ. शरद कुमार, हवाई अड्डा प्रबंधन, हवाईअड्डा सुविधाएं और सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं, हवाईअड्डा अवसंरचना का उन्नयन और रखरखाव, सुरक्षा एवं बचाव सेवाएं लॉजिस्टिक सपोर्ट, सुरक्षा, संपर्क एवं समन्वय गतिविधियाँ, सरकार की आत्मनिर्भर योजना के अंतर्गत स्वदेशीकरण को बढावा देने हेतु उत्तरदायी होंगे।
डॉ कुमार के पास भारत में हवाई अड्डों के निर्माण, रखरखाव और संशोधन में 30 से अधिक वर्षों का अनुभव और विशेषज्ञता है। उन्होंने 1990 में जम्मू हवाई अड्डे पर भा वि प्रा में अपना करियर आरंभ किया और बाद में सभी पांच क्षेत्रीय मुख्यालयों को कवर करते हुए देश भर के विभिन्न हवाई अड्डों जैसे मुंबई, दिल्ली सीएचक्यू, गोवा, जबलपुर, नागपुर, सिक्किम में विविध क्षमताओं में काम किया। चेन्नई में तैनाती होने से पूर्व उन्होंने विमानपत्तन निदेशक के रूप में बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, भुवनेश्वर और श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के दिन-प्रतिदिन के प्रचालन और सुचारू कार्य संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

डॉ कुमार एसवीएनआईटी, भारत के दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं और मानव संसाधन प्रबंधन में एमबीए हैं। एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल और अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन द्वारा प्रदान की गई अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन प्रोफेशनल आई ए पी डिग्री भी उनके पास है तथा उन्होंने के आई आई टी एस , भुवनेश्वर, ओडिशा, भारत से प्रबंधन में पीएचडी भी प्राप्त की है। उन्होंने भारत और विदेशों में विमानन मामलों पर विभिन्न सेमिनारों को संबोधित किया है और ऐसे मंचों पर प्रमुख वक्ता के रूप में उनको आमंत्रित किया जाता रहा है।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी हेतु कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक (नि सं), 9811521881, 011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 2/2023-24